Regarding railway network

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे **(मावल):** माननीय सभापति जी, मेरे चुनाव क्षेत्र में पनवेल से कर्जन तक नए रेल मार्ग का काम चल रहा है । वर्ष 2017 में लोनावला से पुणे तक तीसरे और चौथे ट्रैक को मंजूरी मिली थी । अगर कर्जन से लोनावला तक रेलवे मार्ग का सर्वे करके लाइन बना दी जाए तो अभी जो नया एयरपोर्ट पनवेल में बन रहा है, पनवेल से सीधा पुणे तक फास्ट ट्रेन या लोकल ट्रेन चलाई जा सकेगी । अगर कर्जन से लोनावला तक नए मार्ग का डीपीआर बनाकर रेल विभाग कार्रवाई करेगा तो निश्चित रूप से यहां के प्रवासियों को राहत मिल सकेगी । धन्यवाद ।